## खबर संक्षेप

### 11 लाख रूद्री निर्माण 19 से



**मण्डला।** महिष्मति घाट प्रागंण में 19 फरवरी से श्री अष्टलक्ष्मी महायज्ञ श्रीमद् भागवत महापुराण एवं 11 लाख रूद्री निर्माण का आयोजन किया जा रहा है पंडित नीलू महाराज ने बताया कि इस भव्य आयोजन के मुख्य यजमान संजय कुशराम सहपरिवार एवं वेदप्रकाश कुलस्ते सहपरिवार एवं श्रीमति प्रिया धुर्वेए सहपरिवार व प्रफुल्ल मिश्रा सहपरिवार शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर यज्ञशाला का निर्माण आरंभ किया गया है। जिसकी कलश स्थापना रविवार को वेदप्रकाश कुलस्ते के द्वारा की गई। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकारए नीरज अग्रवालए किशोर रजकए श्याम श्रीवासए सुनील बाली सहित अन्य सामाजिक धार्मिक लोग उपस्थित रहे।

### समता सैनिक दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**सौंसर।** समता सैनिक दल का सौसर क्षेत्र प्रत्येक गांव में गठन किया जाएगा। प्रबुद्ध बुद्ध विहार सौसर में समता सैनिक दल पांढुर्णा शाखा की ओर से आयोजित एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन में संकल्प लिया गया।प्रशिक्षण के दौरान सर सेनापति डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा जिन उद्देश्यों के सम्बंध में जानकारी दी गई। सौसर क्षेत्र के प्रत्येक गांव में समता सैनिक दल की स्थापना करने को लेकर चर्चा की गई। शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा अभिवादन एवं त्रिशरण पंचशील के साथ किया गया। एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रमुख रूप से समता सैनिक दल महिला विंग प्रमुख कंचनाताई वासनिक, समता सैनिक दल प्रदेश महाराष्ट्र बौद्धिक प्रमुख निलेश ताकसांडे, मध्य प्रदेश शाखा विंग प्रमुख मार्शल कनिष्ठ बोधी,अरविंद लोखंडे, डॉ राहुल वाहने मौजूद हरे

### क्षेत्रीय विधायक ने लिया संज्ञान, कलेक्टर को लिखा पत्र

जंगलों से पलायन कर इस पहली पायरी धार्मिक स्थल में आ पहुंचे बंदरों की इस समस्या से स्थानीय विधायक को भी खासी परेशानी है। आमजनों की इस परेशानी से जुड़ते हुए उन्होंने इस समस्या का संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले जाने की मांग रखी है। अपने इस पत्र में उन्होंने यहां आने वाले श्रद्धालुओं के सामान की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक कदम उठाने की बात कही है। अपने इस पत्र में उन्होंने यहां प्रतिवर्ष प्रसिद्ध महादेव मेले का उल्लेख करते हुए भी लिखा है कि मेले में खाने-पीने की वस्तुओं सहित उनके अन्य सामान को भी खासा नुकसान पहुंच सकता है। इसीलिए समय रहते हुए वन विभाग के अनुभवी अधिकारी व कर्मचारी को जिम्मेदारी प्रदान कर इस समस्या का निराकरण किया जावे।

### महादेव मेले में भंडारों पर बंदरों का संकट

सुप्रसिद्ध महादेव मेले के दौरान यहां पर शिव के सेवक समिति के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया जाता है। इस भंडारा स्थल के आसपास खाने-पीने योग्य सामग्री को इन बंदरों के द्वारा उजाड़ दिया जाता है। उनके इस उत्पात के कारण यहां लगने वाले टैंट को भी फाड़ दिया जाता है। जिसके कारण बड़ी परेशानी हो रही है यहां लगने वाली दुकानों में भी यह बंदर पहुंच कर अपनी हाथ की सफाई दिखा देते हैं। इसीलिए बंदरों से पैदा हुई इस समस्या का निराकरण जनहित में आवश्यक है।

# माँ नर्मदा प्रतिमा मिलते ही शालिनी के छलके आंसू


मण्डला।



माँ माहिष्मति उत्तरवाहिनी परिक्रमा के भक्तों के द्वारा शालिनी नंदा को मां नर्मदा पीतल की प्रतिमा एवं 31 हजार रूपए की सहयोग राशि दी गई है। यह राशि बिटिया के विवाह कार्यक्रम हेतू प्रदान की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार ने बताया कि उत्तरवाहिनी परिक्रमा के दौरान बराती लाल नंदा जो कि नर्मदा नदी में नाविक हैं इनके द्वारा परिक्रमावासियों को किला घाट से संगम घाट छोड़ा जाता है। इसी के साथ वे नाव चलाकर अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे हैं। बाराती लाल की बिटिया शालिनी का विवाह 19 फरवरी को होना है जिसको लेकर वे काफी चिंतित चल रहे थे इस बात की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश सोनी को नर्मदा परिक्रमा के दौरान मिली थी जहां से चर्चा उपरांत बिटिया की शादी में सहयोग हेतू सामाजिक लोगो से आग्रह किया गया था जिस पर रविवार को सहयोग राशि और मां नर्मदा की प्रतिमा भेंट की गई यह कार्यक्रम बाराती लाल नंदा के घर में सम्पन्न हुआ। जहां पर श्रीमति रामप्यारी नंदाए श्रीमति छोटीबाई नंदा व परिजन उपस्थित रहे। वहीं उपस्थित सामाजिक लोगों का बाराती ने आभार व्यक्त किया इस दौरान पंडित नीलू महाराज ने कहा कि गिलेहरी सा यह सहयोग शादी जैसे बड़े समारोह में कोई मायने नही रखता है लेकिन बूंद बूंद से ही घड़ा भरता है। उन्होंने मां नर्मदा प्रतिमा की पूजा रोजाना कैसे की जाए इस बारे में भी शालिनी को बताया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता नीरज अग्रवाल परिवारजनों से चर्चा की और उन्हें शादी की आग्रिम बधाई दी। इस पुनीत कार्य में सहयोगी के रूप में मुकेश सोनीए सोम सुभांसीए श्रीमती जयश्री सुधीर कांसकारए रामायणी पंडित दुबेए विवेक साहू जबलपुरए राजेंद्र सोनीए अश्वनी विक्की सोनी बम्हनीए त्रिलोक सिंधियाए मुकेश पांडेए दिनेश दुबेए राकेश साहू ए नितिन यादवए योगेश तिवारीए मनोज तिवारीए रविंद्र जैनए अशोक जसवानीए अतुल कसारए आनंद सोनीए राकेश शुक्लाए अनुपम दुबेए चंद्रेश खरेए शिखा सोनीए अमर सोनीए श्याम श्रीवासए नीलू महाराज वरदान आश्रम अंजनियाए मुकेश जायसवालए श्याम बैरागीए श्रीमती सरिता संजीव अग्निहोत्रीए अमित मखीजा खटियाए दीप साहू मोंटीए पप्पू साहूए मनोज ताम्रकारए धर्मेश मिश्राए सुनील बालीए राकेश गुप्ताए सुनील सराफए दीपक बैरागीए प्रदीप तिवारी महामाया बोरवेलए राजकुमार कछवाहाए रुपेश ईसरानीए अमरेश सिंहए उमाशंकर गुड्डू सिंधियाए संतोष विश्वकर्माए राजेश दीक्षितए रेनू कछवाहाए प्रदीप तिवारी महामाया प्रिंटिंग प्रेसए शैलेश गुप्ताए दीपक सोनी सहित नर्मदाभक्त उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में बिना अनुमति बेचे जा रहे मकान

मण्डला




प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों को किराए पर देना या बेचना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इस योजना की संशोधित गाइडलाइन में स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिए गए हैं कि मकानों का विक्रय बिना नगर पालिका की अनुमति के नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले परिवार के सभी सदस्यों का डेटा आधार से लिंक किया जा रहा है ताकि एक ही परिवार दोबारा लाभ न उठा सके और आवास को बेचा न जा सके।

इसके बावजूद राधाकृष्ण वार्ड में प्रधानमंत्री आवास को बेचे जाने का मामला सामने आया है। सूत्रों की जानकारी के अनुसार, स्व. शांति बाई यादव के वार्ड नंबर 17 स्थित मकान को उनके दामाद दर्शन यादव ने पैसों की जरूरत के कारण बहुत कम कीमत में बेच दिया। बताया जा रहा है। ऐसे में यह मामला जांच का विषय बन गया है क्योंकि यह प्रधानमंत्री आवास योजना के उल्लंघन का मामला प्रतीत हो रहा है। न केवल मकान की बिक्री, बल्कि योजना के तहत बने मकानों में कई प्रकार की लापरवाहियां भी सामने आई हैं। सरकार की ओर से मकान बनाने के लिए जो ढाई-ढाई लाख रुपए दिए गए थे, उनमें से कई मकान आज भी अधूरे पड़े हुए हैं। इनकी स्थिति और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इन मकानों को समय पर पूरा नहीं किया गया, और यह योजना के वास्तविक उद्देश्य को प्रभावित कर रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन मामलों की उचित जांच होनी चाहिए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि योजना का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सके। अगर योजना में इस प्रकार की लापरवाही और उल्लंघन होते रहे, तो इसका सीधा असर उन गरीब परिवारों पर पड़ेगा जिन्हें यह मकान मिल रहे हैं।

नगर पालिका प्रशासन और अन्य संबंधित अधिकारियों से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है। सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले मकानों के बारे में सख्त निगरानी और नियंत्रण रखना चाहिए ताकि योजना का उद्देश्य सही तरीके से पूरा हो सके।

### इनका कहना है -

प्रधानमंत्री आवास बेचने का नही है, अगर आवास बेचा गया तो जांच कराकर संबंधित नोटिस देते हुए अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

गजानन नाफडे

सीएमओ, मण्डला

# वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ

## साईबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता जरूरी-संजय कुशराम

मण्डला





फ्यूजन फाइनेंस लिमि. द्वारा सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम के तहत वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, लीड बैंक प्रबंधक श्री सुजय कुमार, वित्तीय प्रबंधक श्रीमती लक्ष्मी एवं कंपनी पदाधिकारीगण श्री मयंक भटेले, अजय शर्मा और मोहन साहू उपस्थित रहे। इस दौरान श्री संजय कुशराम ने उपस्थित नागरिकों एवं ग्रामीणजनों को कार्यक्रम के विषय में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में साईबर फ्रॉड बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में हमें जागरूक रहना होगा। शासन तथा भारतीय रिजर्व बैंक विभिन्न माध्यमों से हमें बार-बार अवगत कराता है कि किसी को ओटीपी, पिन, सीवीवी तथा एटीएम कार्ड की डिटेल शेयर न करें। इसी प्रकार अपने खाते तथा क्रेडिट कार्ड आदि के बारे में भी किसी को जानकारी न दें। कोई भी शंका होने पर संबंधित बैंक शाखाओं में जाकर अधिकारियों से मिलकर कार्य करना चाहिए।

# राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाएं-सोमेश मिश्रा



राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर के निर्देश

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग के मूल कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। राजस्व वसूली, अर्थदंड की वसूली, डायवर्सन की वसूली सख्ती से करें। उन्होंने व्हीसी से जुड़े तहसीलवारों से कहा कि अब तक की गई वसूली संतोषजनक नहीं है, इसे गंभीरता से लेते हुए आगामी दो दिनों में वसूली में तेजी लाएं। बड़े बकायादारों को वसूली वारंट जारी करें तथा उनकी तामीली भी करवाएं। इसके अलावा राजस्व अभियान 3.0 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई-केवायसी, पीएम किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, नामांतरण, सीमांकन, बटवारा, फॉर्म रजिस्ट्री, आरओआर, आधार सीडिंग सहित आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, श्री हुनेन्द्र घोरमारे, श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिलाधिकारी उपस्थित थे।



# विभाग प्रमुख शिकायतों का निराकरण कराएं - कलेक्टर

जिला योजना भवन में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

**मण्डला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिला अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के शिकायतों को गंभीरता से लें तथा इनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित कराएं। 50 एवं 100 दिवस से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता से लें एवं आवेदकों से बात करते हुए प्रकरणों का निराकरण कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह में विभाग प्रमुख अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण करें और विभागीय ग्रेडिंग में सुधार लाएं। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या अधिक है उन्हें इस कार्य को मिशन मोड पर करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, श्री हुनेन्द्र घोरमारे, श्री जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# गोल्डन बुक अवार्ड 2025 में दिलीप यादव को सम्मानित किया गया







**मण्डला।** विंग पब्लिकेशन इंटरनेशनल द्वारा आयोजित गोल्डन बुक अवार्ड २०२५ में देश के प्रतिष्ठित लेखकों को सम्मानित किया गया। यह भव्य अवार्ड समारोह पुणे के रेडसन ब्लू होटल में आयोजित किया गया, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में फिल्म अभिनेता, वक्ता और मोटिवेटर आशीष विद्यार्थी ने भाग लिया। उन्होंने सभी चयनित लेखकों को अवार्ड से सम्मानित किया और लेखकों की कलम के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज की प्रगति के लिए उनके योगदान की सराहना की।

इस अवार्ड में मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के लेखक दिलीप यादव को उनकी पुस्तक ₹नौ स्त्रीः त्याग, तपस्या और साहस की कहानियाँ₹ के लिए गोल्डन बुक अवार्ड से नवाजा गया। इस पुस्तक की विषयवस्तु और सरल भाषा ने निर्णायकों को प्रभावित किया, जिसके चलते इसे पहले स्थान पर रखा गया।

दिलीप यादव का जन्म मंडला जिले के पिंडरइ में हुआ था। वे बचपन में बिछिया तहसील के घुटास और फिर सिवनी जिले के उगली में पले-बढ़े। वर्तमान में वे मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में नेत्ररोग सहायक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के लिए कई बीमारियों और सरकारी कार्यक्रमों पर वृत्तचित्रों का निर्माण किया है और इसके लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

गोल्डन बुक अवार्ड के बाद दिलीप यादव की किताब ₹नौ स्त्री₹ अब प्रदेश और जिले के सभी प्रमुख बुक स्टोर्स पर उपलब्ध होगी। उनके इस असाधारण योगदान पर उनके मित्रों और परिवार के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी है।

विंग पब्लिकेशन द्वारा इस अवार्ड की घोषणा नवंबर में की गई थी और *१ जनवरी को विजेताओं की सूची जारी की गई थी, जिसमें दिलीप यादव का नाम भी था। इस सम्मान के साथ उनका नाम बिजनेस स्टैंडर्ड के सुपर अचीवर 2025 और गोल्डन बुक 2025 की सूची में भी शामिल किया गया है।

# ग्राम पंचायत पिण्डरई में स्वच्छता बनाने निरन्तर किये जा रहे हैं प्रयास -उप सरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत




### ग्राम पंचायत स्वतः आय अर्जित कर स्वच्छता अभियान के लिए खरीदी कचरा गाड़ी




**मण्डला।** मण्डला जिले की सबसे अग्रणी ग्राम पंचायत पिण्डरई जनपद पंचायत नैनपुर के निर्वाचित जनप्रतिधियों ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों की सूझबूझ से यहां पर विगत दो वर्षों से ग्राम पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में निवासरत आम मतदाताओं के सर्वांगीण सुख सुविधाओं, जन समस्याओं एवं आवश्यकताओं को समुचित ध्यान रखते हुए यहां पर विभिन्न निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ मूर्त रूप दिया जा रहा है। यहां के सरपंच संदीप मरकाम, उपसरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत, प्रभारी सचिव विजय ठाकुर एवं पंचायत के वार्ड पंचों के द्वारा मानव सेवा ही माधव सेवा है जैसे प्रकल्प को सामने रखकर यहां पर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों एवं पंचायत के अपने स्वतः से अर्जित आय से प्राप्त राशि से यहां पर नाली निर्माण कार्य, सीमेंट कांक्रीट सडक़ निर्माण कार्य, पुल पुलिया निर्माण कार्य एवं बजार हाट को सुदृढ़ बनाने का कार्य निस्वार्थ भाव से किया जा रहा है।

### घर-घर जाकर किया जायेगा कचरा संग्रह -

गत दिनों यहां के उपसरपंच ने मीडिया को बताया कि हमारी ग्राम पंचायत पिण्डरई में विगत 2-3 तीन वर्षों से यहां के सभी निर्वाचित वार्ड पंचों एवं ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से अभी हाल ही में स्वच्छ भारत मिशन को गांव में जन समुदाय की सहभागिता से पूर्णतः सफल बनाने के लिए पंचायत के द्वारा अपने स्वतः की अर्जित आय से 8 लाख 50 हजार की लागत से कचरा गाड़ी खरीदी गई है जिससे यहां के सभी घरों एवं दुकानों में एक निश्चित समय पर जाकर कचरा का संग्रह किया जायेगा। जिससे गीला कचरा, सूखा कचरा अपने निश्चित स्थान पर पहुंच जायेगा, ग्रामवासियों को अच्छी सुविधा होगी और सभी के जन सहयोग से हमारी ग्राम पंचायत पिण्डरई जिले में सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता अभियान में आगे रहते दिखाई देगी।

### जन जागरूकता को लेकर आगे रहती है ग्राम पंचायत -

मध्यप्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार के द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। हमारी ग्राम पंचायत हमेशा ऐसे जन जागरुकता अभियान को लेकर आगे रहती है जिससे पूरे पंचायत में कहीं पर भी कचरा फैला हुआ नहीं दिखाई देगा। ग्राम पंचायत के सभी ग्रामवासियों से निवेदन करती है कि कचरा गाड़ी में ही अपने घरो के एकत्र कचरा को गाड़ी में ही देने अपील करते हुए गांव को हमेशा स्वच्छ रखने एवं स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने में सहयोग करें की अपील भी की है।

## नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को

# धारा 138 एनआईएक्ट के प्रकरणों की प्रीसिटिंग बैठक संपन्न

**मण्डला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च 2025 को किया जाना है। इसी तारतम्य में जिला मण्डला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल जोशी के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त न्यायाधीशगण एवं धारा 138 एनआईएक्ट प्रकरणों के परिवादी अधिवक्तागण एवं अभियुक्त अधिवक्ताओं के साथ प्रीसिटिंग बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष व श्रीमान आर.के. रावतकर विशेष न्यायाधीश, श्री सुबोध विश्वकर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री ब्रजेश गोयल पंचम जिला न्यायाधीश, श्री नरेश सिंह गौण न्यायिक मजिस्टेªट प्रथम श्रेणी, श्री मोहम्मद सैफी न्यायिक मजिस्टेªट प्रथम श्रेणी, सुश्री शिवानी अग्रवाल न्यायिक मजिस्टेªट प्रथम श्रेणी, श्रीमती दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित की गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष द्वारा बैठक में अधिवक्तागणों को न्यायालय में लंबित धारा 138 एनआईएक्ट प्रकरणों को चिन्हित किये जाने हेतु चर्चा की गई एवं उन्हें निराकृत कराये जाने हेतु प्रयास किये जाने के निर्देश दिये गये। आवेदक अधिवक्तागणों को भी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। उक्त प्रीसिटिंग बैठक में धारा 138 एनआईएक्ट के अधिवक्ता श्री आलोक खरया, श्री आलोक जैन अधिवक्ता, श्री सुरेशप्रसाद मिश्रा अधिवक्ता, श्री योगेश श्रीवात्री अधिवक्ता, श्री सचेन्द्र सराफ अधिवक्ता, श्री ऋषभ रजक अधिवक्ता, श्री विवेक बड़गैया अधिवक्ता, श्री रविन्द्र रजक अधिवक्ता, सुश्री करिश्मा खोखर अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### सड़क सोल्डर में नही किया जा रहा सुधार, आये दिन घटित हो रही घटनाएं

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि सड़को पर बढ़ रहे यातायात के चलते आये दिन दुघर्टनाएं घटित होना आम बात है, और यदि सड़को में गड़बडी हो तो निश्चित तौर से घटनाओं में इजाफा होना आम बात मानी जाती है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति इस समय गाडरवारा कौड़िया मार्ग पर देखने मिल रही है, जहां पर वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है, इस सड़क मार्ग के दोनों तरफ के सोल्डर जमीन से ऊंचे हो गये है एवं सोल्डर के बाजू में बड़े बड़े पत्थर पड़े रहते है साथ ही गड्ढे भी बन गऐ है, सड़क सोल्डर परेशानी का सबब बन गए है। वाहन क्रासिंग के समय इन सोल्डरों के कारण वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं छोटे वाहन चालक साइड देने के चक्कर में अपने वाहन सड़क से नीचे उतार लेते है जब वह सड़क पर अपने वाहन चढ़ाते है तो सोल्डर और गड्ढो के कारण उन्हे दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है, पौड़ार तिरहा से लेकर गाडरवारा तक सड़क के दोनों ओर बड़ी बेकार स्थिति बनी हुई है जिसके कारण आये दिन सोल्डरो से कोई न कोई दुर्घटना होती है, सड़क निर्माण के साथ सोल्डर के बाजू की सतह सड़क से मिलायी जाती है जिससे की वाहन आसानी से सड़क से नीचे उतर कर पुनः सड़क पर आसानी से पहुंच सके। लेकिन इस मार्ग पर सोल्डरो को बाजू की सतह से नहीं मिलाया गया है जबकि निर्माण एजेंसी की जबाबदारी होती है कि वह सड़क से दोनों ओर सोल्डरों के बाजू में मिट्टी का पुराव कर उसे समतल करे लेकिन संबंधित निर्माण एजेंसी द्वारा इस कार्य पर ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते इतनी विकराल समस्या यहां पर खड़ी हो गई है, शीघ्र ही इस समस्या का हल किया जाये ताकि वाहन चालको को जो परेशानी हो रही है। उससे निजात मिल सके।

### सूखाखैरी सरपंच का निधन



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सूखाखैरी सरपंच व पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान सिंह कौरव मुन्ना भैया का बीते हुये बीमारी के चलते निधन होने पर संपूर्ण क्षेत्र में शोक का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया। स्व.मान सिंह कौरव की शव यात्रा में क्षेत्र के अनेक लोगों ने शामिल होकर अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।

### दुर्जन सिंह पटैल नही रही



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम खैरी कला निवासी अरविंद पटैल के पिताश्री तथा क्षेत्र के प्रतिष्ठित दुर्जन पटैल का बीते हुये दिवस बीमारी के चलते निधन होने पर क्षेत्र के लोगों ने शोक प्रकट करते हुये उन्हें अपने श्रद्वासुमन अर्पित किये।

### विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियों द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है?

## जंगल क्षेत्र के पंचायतों में शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरा पड़े हुये निर्माण कार्य पुरस्कार के हकदार बनने वाले अधिकारियों की कार्य शैली पर खड़े कर रहे सवाल, यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर के अधिकारी हो सकते है बेनकाब....?









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा/सिंहपुर छोटा।**

यह बात अलग है कि बीते हुये पंचायत का कार्यकाल बदले हुये नये पंचायतों के गठन को भी दो साल से अधिक का समय बीतने को है। मगर यदि पंचायतों द्वारा जिस तरह विकास कार्यो में नाम पर शासन की राशि की होली खेली गई है उसकी सच्चाई जंगल क्षेत्र के उन गांवों में देखने आसानी से मिल सकती है जहां पर विकास कार्यो के नाम पर पैसा तो खर्च हुआ है मगर अधूरे पड़े हुये विकास कार्य पंचायत के बीते हुये कार्यकाल के जनप्रतिनिधियों से लेकर ब्लाक स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों की सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रही है..? इस बात की सच्चाई जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत जंगल क्षेत्र में आने वाली अनेक ग्राम पंचायतों में आसानी से देखने मिल सकती है? बताया जाता है कि बीते हुये पंच वार्षिय पंचायतों के कार्यकाल के दौरान इन गांवों में निर्माण कार्यो के नाम पर सरकारी राशि खर्च होने के बाद भी जहां निर्माण कार्य आज भी अधूरे दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर स्वच्छता के नाम पर लाखों रूपया खर्च होने के साथ साथ पंचायतों द्वारा अधिकारियों की मिली भगत से कागजों में जहां ओडीएफ इसके बाद ओडीएफ प्लस के रिकार्ड के दस्ताबेजों में नई नबेली दुल्हन की तरह सजाकर जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता सर्वेक्षण के नाम पर उत्कृष्ठ पुरूस्कार लेने के हकदार तो बन गये है। मगर इन पंचायतों की सच्चाई इस तरह से



देखने मिल रही है कि लोगों के घरों में आज भी अधूरे पड़े हुये शौचालय गफलतबाजी का अधिकारियों को आईना दिखाने से नही चूक रहे है और शौचालय निर्माण के लिये खोदे गये गड्ढे लोगों के लिये कचरादान बन जाने के कारण शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है..? मगर इस सबके बाद हैरत तो इस बात को लेकर देखने मिल रही है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर देश में आयोजित होने वाली सबसे बुद्विमान दर्जे की परीक्षा को सफल करने अधिकारियों के हाथों में बागडोर होने के बाद भी उनके अधिनस्थ आने वाले क्षेत्रों में इस तरह दौड़ रही गफलत बाजी की रैलगाड़ी को वह खुद ही हरि झंडी दिखाते हुये नजर आने से नही चूक रहे है? यह बात अलग है कि जब जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया जाता है कि इसकी जानकारी ब्लाक से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियो को पहले ही मिल जाने के चलते वह अपनी पंचायतों को दुल्हन की तरह सजाते हुये अधिकारियों के स्वागत हेतु तैयार तो कर लिया जाता है और इसी के चलते यहां की वास्तविक सच्चाई उजागर होने से बच जाती है? यदि यही सक्षम अधिकारी अचानक बगैर किसी पूर्व सूचना के जंगल क्षेत्र के गांवों का अचानक दौरा कर लेवे तो हरिभूमि द्वारा उठाई जाने वाली इस सच्चाई पर मुहर लगने से नही चूक पायेगी..? मगर वह कहाबत है कि थोडे थोड़े में सभी की सोंझआई होती है तो नीचे से लेकर ऊपर तक अधिकारियों को सब कुछ दीप की आग के सामने काली लता भी हरियाली फैलाते हुये शीतलता का प्रसाद काटने से नही चूकती है? जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले जंगल क्षेत्र की पंचायतों का रूख किया जावे तो यहां पर हाई स्कूल से लेकर शमशान घाट सहित शौचालयों का अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य तथा गांवों में फैल रही गंदगी जो देश के प्रधान मंत्री से लेकर प्रदेश में मुख्यमंत्री के स्वच्छ भारत के सपने का ग्रहण लगाते हुये देखी जा रही है। वही निश्चित तौर से निष्ठावान बनकर उत्कृष्ठ पुरूस्कार के लिये ताल ठोकने वाले अधिकारियों की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ेगे? वही दूसरी ओर यदि जो निर्माण कार्य हो भी चुके है तो वह चंद दिनों के अंदर टूटते हुये अपनी गुणवत्ता की कहानी बया करने से नही चूक रहे है, पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यो की किसी निष्ठावान अधिकारी से जांच कराई जावे तो सच्चाई अपने आप ही उजागर होने से नही बच पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिन सक्षम अधिकारियों के लिये जिले से लेकर तहसील स्तर पर निगरानी करने के जिम्मेदारी सौपी गई है वह अपने कार्यालयों से निकलना तक उचित नही समझते है और दूसरी ओर मान लिया जावे कि जब कभी कही किसी पंचायत या क्षेत्र का निरीक्षण करने की औपचारिकता निभाई जाती है तो वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले से ही सूचना देखकर पहुंचने के चलते गफलत बाजी की सच्चाई आंखों से ओझल होने से नही चूक पाती है? इसी का परिणाम है कि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम बुद्विमान अधिकारियों की उदासीनता के चलते ब्लाक स्तर से लेकर पंचायत स्तर पर बैठे हुये कर्मचारियों द्वारा पूर्णरूप से पंचायतों के विकास कार्यो के नाम पर शासन की राशि की होली खेलते हुये विकास कार्यो की गति को मात्र कागजों पर चलाते हुये देखने मिल रहा है? यदि जिले से लेकर तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारियों द्वारा अचानक गोटीटोरिया क्षेत्र के जंगल पट्टी की ग्राम पंचायतों का अचानक दौरा किया जावे तो निश्चित तौर से पंचायतों के बीते हुये कार्यकाल के दौरान शासन की राशि खर्च होने के बाद भी अधूरे पड़े हुये निर्माण कार्य अपना बोरिया विस्तर समेटकर घर बैठ चुके हुये सरपंचों सहित ब्लाक स्तर के सक्षम अधिकारियों की कार्य प्रणाली उजागर होने से नही बच पायेगी?

### कौरव सेवा समिति की मासिक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा, आने वाले समय के कार्यक्रमों की बनाई रूप रेखा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समाज सेवा के रूप में अपनी अलग पहचान बना चूकी कौरव सेवा समिति जिस तरह से जन हित के लिये कार्य करते हुये देखी जा रही है। वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ अपनी अलग ही पहचान बना चुकी है।



इस तरह कौरव सेवा समिति द्वारा बीते हुये रविवार को नगर में उत्सव भवन में अपनी मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवा समिति के अनेक सदस्य मौजूद रहे। वही समिति द्वारा हर वर्ष की भांति गर्मी के दिनों में सड़क पर घुमने वाले पशुओं को पानी पिलाने के लिये जहां तहां टंकी स्थापित करने पर चर्चा के साथ साथ आने वाले माह में सामाजिक बंधुओं का मिलन समारोह, वही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। वही इस बैठक में मुख्य रूप से कौरव समाज को प्रदेश स्तर पर तो पिछड़ा वर्ग का दर्जा मिला हुआ है। मगर केन्द्र स्तर की नियुक्तियों में जनरल स्तर पर रखा गया है। इस संबंध में क्षेत्र के सांसद के माध्यम से उच्च स्तर पर मांग करने की कार्य योजना सहित समिति के विस्तार पर चर्चा व आगामी समय में निःस्वार्थ भावना के दायरे में बढ़ोत्तरी के आलवा वरिष्ठ प्रबुद्धजनो व युवाओ की सयुक्त सामाजिक वैचारिक गोष्ठी, हायर क्लासेस में अध्ययनरत वच्चो आगामी पढ़ाई के दिशा निदेश हेतु मोटिवेशनल वर्कशॉप इसके अलावा और महत्पूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गई।

## बारात लेकर जा रही बस के पलटने से मची हडकंप, पुलिस की सजकता से सभी यात्रा सुरक्षित निकाले गये








**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

कौन से सी घटना कब घट जावे किसी को पता नही रहता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शनिवार को उस समय देखने मिली जब गाडरवारा से कामती की ओर बारात लेकर जा रही बस अचानक पलट जाने के कारण हडकंप की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पाई। इस तरह बारातियों से भरी हुई बस पलटने की जानकारी मिलते ही तुरंत मौके पर अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और बस के अंदर फंसे हुये सभी बारार्यों को सुरक्षित निकाला गया। बताया जाता है कि बस क्रमांक एम पी 66 पी 0243 तिदनी नरसिंहपुर से पिठहरा रोड स्थित शादी घर खुरसीपार के लिये बारात लेकर जा रही थी जो अचानक कामती रोड मंडी काम्पलेक्स से कुछ दूर पहुंचते ही इस तरह पलटी की चारों खाने चिंत्त हो गई। बस के अंदर सबार बारातियों में चू पुकार मचाने से नही चूक पाई। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारियों व पुलिस कर्मियों द्वारा मौजूद लोगों की मदद से बस की खिड़की तोड़ते हुये सभी बारार्यों को सुरक्षित निकाला गया। बताया जाता है कि कुछ लोगों को मामूली चोटे आने के कारण स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में उपचार कराया गया। इस तरह नगर में एक बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल टल गई। इस तरह मुख्य मार्ग के किनारे बच के अचानक पलट जाने को लेकर बताया जाता है कि इस मार्ग के किनारे अनेक लोगों द्वारा अपना अवैध रूप से कब्जा करते हुये जहां गिट्टी सहित अन्य प्रकार की सामग्री रख ली गई तो इस मार्ग पर लगातार खुलते चली जा रही नई नबेली होटलों में पहुंचने वाले लोगों द्वारा भी सड़क के किनारे ही अपने वाहनों की पार्किंग किये जाने के कारण यहां से निकलने वाली बड़े वाहनों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है।

## इस पृथ्वीलोक पर आने के पहले सर्वोत्तम विद्यालय होता है गर्भावस्था-नित्यानंद गिरी महाराज

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

समीपस्थ नर्मदा तट सोना दहार आश्रम में चल रहे श्रीमद भागवत कथा पुराण में जहां प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही कथा वाचक नित्यानंद गिरी महाराज ने श्रोताओं को कथा सुनाते हुये कहा कि इस पृथ्वी लोक में आने के पहले मानव के सर्वोत्त विद्यालय गर्भावस्था का रहता है। क्योंकि मनुष्य जितना माँ के गर्भ में 9 माह में सीखता है उतना 90 वर्ष में (पूरे जीवन) में इस पृथ्वी पर रहते हुये नहीं सीख सकता । क्योंकि गर्भवति माँ जो खाती है, जो सोचती है, विचार करती है तथा बोलती है व जो वस्त्र पहनती है एवं जैसा साहित्य पढ़ती है और जो दृश्य देखती है उन सभी बातों का प्रभाव गर्भस्थ बालक बालिकाओ पर निश्चित पढता है और वह वैसा ही स्वभाव लेकर जन्म लेता है । इसीलिए सन्तान अच्छी चाहिए तो पहिले माँ को बुराई का त्याग करना चाहिए । 108श्री विद्यानंद अवधूत महाराज के सान्निध्य में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन ऋषिकेश से आए स्वामी सदाशिव



नित्यानंद गिरी महाराज ने बताया कि जगत में जितने महान पुरुष और महान नारियां हुए हैं वो सब माँ के पेट में ही महान बन गए । बाहर की शिक्षा का, संगति का भी प्रभाव होता है। लेकिन उतना नहीं, जितना गर्भावस्था का होता है । इस दौरान उन्होंने ध्रुव प्रह्लाद, नामदेव नानक कबीर सूरदास, तुलसी मीरा ये सब माँ के पेट में ही भक्त बन गए । बड़े बड़े सूर अर्जुन कर्ण भीष्म भी माँ के पेट में ही महान बन चुके थें। मेने सत्संग में सुना है कि महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई आदि जब गर्भ में थे तो इनकी माताओं ने महाभारत का श्रवण किया था, इसीलिए ये महान सूर पैदा हुए। महाराज जी ने बताया कि भक्त प्रहलाद जब माता सुनीति के पेट में थे तो उस समय माँ बहुत भक्ति करती थी, सत्संग करती थी, गाय की सेवा करती थी। पहिले घर की दादी नानी जो माँ बनने वाली वहन, बेटी, बहु होती थी उन्हें गीता रामायण पढाती थीं, सत्संग में ले जाती थी , उनके हाथ से दान कराती थीं, उनके संकल्प उनके विचार शुद्ध करने को बोलती थीं। उस समय घर का वातावरण बहुत अच्छा बनाया जाता था, उस बेटी को ईर्ष्या द्वेष, काम क्रोध लोभ आदि विकारों से रहित किया जाता था। जिसका प्रभाव गर्भ में रहे रहे शिशु के ऊपर पडता था। इन्हीं सब से बड़ा होकर बालक अच्छा बन जाता था । ध्रुव जी ने 6 माह में भगवान को प्राप्त कर लिया था। ध्रुव जी राजा उत्तानपाद के बेटे है राजा की दो पत्नियां थी एक का नाम सुनीति और दूसरी का नाम सुरुचि था। सुनीति के गर्भावस्था होने पर छोटी रानी सुरुचि ने राजा से कहकर दुर्भावना बस महल से बाहर उपवन में रखा भी भक्त ध्रुव का जन्म हुआ। छोटे से बालक ध्रुव अपने पिता राजा उत्तानपाद जो कि सिंहासन पर अपनी दूसरी पत्नी सुरुचि के साथ बैठे हुए थे कि गोद में बैठने के लिए कोशिश करते है। तब सुरुचि उनको धक्का देकर नीचे गिराती है और कड़े बचन बोलती है। तब रोते हुए बालक ध्रुव अपनी मां सुनीति के पास आते हैं और मां की आज्ञा से भगवान की प्राप्ति के लिए जंगल में जाते है। रास्ते में नारद जी भगवान प्राप्ति का उपदेश देते है । वही कठिन तप कर ध्रुव जी को भगवान नारायण दर्शन देते है और वरदान में राज्य करने और अंत में अपने लोक में सर्वोच्च ऊंचे स्थान पर ध्रुवलोक की स्थापना करते हैं।

## आमगांव छोटा में चल रहे क्रिकेट महाकुंभ का आज होगा समापन, सांसद सहित जालम सिंह पटैल व कक्काजी रहेंगे मौजूद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ ग्राम आमगांव छोटा वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्टेडियम में बीते हुये दिनों से मणिनागेन्द्र सिंह फाउण्डेशन के तत्वाधान में चल रहे लेदर बाल क्रिकेट प्रितयोगिता का आज समापन होगा वही यहां पर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिये आधार शिला रखी जावेगी। ग्रामीण स्तर पर आयोजित किये गये क्रिकेट में महाकुंभ समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटैल मौजूद रहेगे। वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के पूर्व विधायक गोविंद सिंह पटैल कक्काजी करेगे। वही विशेष अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल मुलायम भैया, गोटेगांव विधाय महेन्द्र नागेश, तेंदूखेडा पूर्व विधायक संजय शर्मा, पूर्व विधायक श्रीमति साधना स्थापक, नरेश पाठक, पूर्प जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र पटैल जिनेश, जनपद पंचायत सांईखेड़ा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह









राजपूत, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहरकांत पटैल, ग्राम पंचायत सरपंच प्रसन्न शर्मा को आमंत्रित किया गया है। इसके आलवा अन्य अतिथियों के रूप में विनोद राजौरिया, चैतन्य लूनावत, संदीप पलोड, राव उदय प्रता सिंह, बसंत सोनी, नवनीत चाचा, जग मोहन मरैया, ठा भूपेन्द्र सिंह, आनंद राजपूत, गोलू साहू सहित अन्य लोग शामिल होगे।

### पुलिया के ऊपर लगने वाली दुकाने बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है।

## कुंभ के लिये अचानक उमड़ी भीड़ नगर के रेल्वे स्टेशन पर व्यवस्थाये बनाने में जुटी पुलिस



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

उत्तर प्रदेश के प्रयाग राज में चल रहे महाकुंभ में जिस तरह बीते हुये पर्वो के दौरान भीड़ उमड़ते हुये देखी गई है उसके चलते अनेक लोगों ने यह बात सोच कर रही थी कि अब वह जब स्नान करने की कोई विशेष मुहुर्त तिथि नही रहेगी तब जावेगे। इसी के चलते बीते हुये माघी पूर्णिमा के बाद एक बार फिर कुंभ जाने वाली ट्रेनों में भीड़ का आलम दिखाई देना शुरू हो गई है। इस बात की सच्चाई बीते हुये शनिवार को नगर के रेलवे स्टेशन पर उस समय देखने मिली जब कुंभ जाने वाले पैसेन्जर ट्रेन आने के दौरान कुंभ जाने वाले लोगों की भीड़ का आलम यह दिखाई दे रहा था कि लोग ट्रेन के डिब्बों में चढ़ रही पा रहे थें। ज्ञात हो कि 144 वर्षो के उपरांत पड़ हुये इस महाकुंभ का जो पर्व बताया जा रहा है उसके चलते हर लोगों द्वारा यह बात अपने दिलों में संजोकर रखी है कि वह इस महापर्व को अपने हाथों से निकलने नही देगे। क्योंकि इस पृथ्वी पर मौजूद व्यक्ति की जिन्दगी में इस तरह का पर्व अब दोबारा आने वाला नही है। इसी के चलते हर सनातनियों के दिलों में डुबकी लगाने के लिये मानो पूर्णरूप से जुनून छा गया है।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने दी कार्यक्रमों की प्रस्तुति

डिंडोरी। जिले के जनपद मुख्यालय समनापुर में संचालित दिशा पैसिफिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ शशि भूषण बघेल ने की। मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा संस्कार को जन्म देती है।इन्हीं अच्छे संस्कारों से एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। मुख्य अतिथि श्री नेताम ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए उनका पूरा सहयोग मिलेगा इस दौरान स्कूल के शिक्षकों सुजान, मुकेश, अंगद, योगेंद्र, अशोक, सरला, लोमती, रौशनी, रजनी, रम्भा, सपना, मनोरमा, सिद्धकी को भी पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में अन्य अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य हीरा रुदेश परस्ते, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नरबदिया मरकाम, हेमवती राजपूत, भारत राजपूत, शिवराम ठाकुर, रजनी शुक्ला, जयसिंह सरैया, हेमसिंह राजपूत, सरवन सिंह ठाकुर, जय सिंह ठाकुर, दिनेश ठाकुर, लखन बर्मन, थाना प्रभारी समनापुर कामेश धूमकेती, अशोक संत सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पुल क्षतिग्रस्त होने से दस गांव के ग्रामींण प्रभावित

डिण्डौरी। जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया -2 और मोहदा के बीच नदी में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन में परेषानी पेष आ रही है जिससे दस गांव के ग्रामींण प्रभावित है। ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव सहित ग्रामींणों ने नवीन पुलिया निर्माण कराये जाने को लेकर विगत दिन कलेक्टर को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मोहदा से पडरिया जाने वाले मार्ग में पडने वाली पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है । अनेकोबार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है साथ ही बारिस के दौरान बाढ आने के कारण पुलिया के ऊपर से पानी का बहाव रहता है तब कि दषा में स्कूल के छात्र छात्राओं को तेज वहाव पार पर स्कूल जाना पडता है। विगत वर्ष बाढ़ के दौरान पार कर रहे कुछ छात्र बह गये थे हालाकि उन्हे स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया था लेकिन एक गर्भवती महिला भी बाढ़ की चपेट में आई थी जिसकी मौत हो गई थी। पुलिया निर्माण को लेकर विधायक ओमकार मरकाम को अनेको बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन अब तक विधायक ने भी ग्रामींणों की समस्या का निदान करने में दिलचस्पी नही दिखाई है। वहीं ग्रामीणों ने समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग में भी आवेदन दिया है लेकिन विभाग द्वारा बजट न होने का हवाला देकर ग्रामीणों की मांग को दर किनार कर दिया। ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम पंचायत में प्राप्त निधि से पुल का निर्माण की अनुमति प्रदान की जाये जिससे निर्माण होने पर गंभीर हादसों से बचा जा सके।

### शिक्षक को हटाने फिर उठी मांग

डिण्डौरी। समनापुर विकास खंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरई में पदस्थ षिक्षक राजेन्द्र झारिया को विद्यार्थियो ने हटाने की एक बार फिर मांग की है। विगत दिन कलेक्टर को विद्यार्थियो ने आवेदन प्रस्तुत करते हुए उल्लेख किया है कि षिक्षक राजेन्द्र झारिया शाला में समय पर उपस्थित नही होते और षिक्षण कार्य कराने की बजाए राजनीति में ज्यादा सक्रिय रहते है ।इस बावद 28 जनवरी को आयोजित जनसनुवाई में इनकी कार्यप्रणाली को लेकर विद्यार्थियों ने षिकायत दर्ज करायी थी जिसकी जानकारी इनको लग गई थी जिससे आक्रोषित होकर विद्यार्थियों को धमकाना शुरू कर दिये और छात्रों को परीक्षा में कम नंबर देने के साथ फेल करने की बात कह रहे है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि षिक्षक के साथ उनकी पत्नि भी उन्हे धमकी दे रही है जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों ने बतलाया कि कुछ दिनों में परीक्षायें शुरू हो जायेंगी

### दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

डिण्डौरी। थाना कोतवाली अंतर्गत फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी. डिण्डोरी.के प्रकरण क्रमांक 854/2018 धारा451,294,323,506 आई.पी.सी. में वर्ष 2018के प्रकरण में फरार लंबित 02 स्थाई वारंटी को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे. एन . मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में थाना डिण्डोरी की टीम में सहायक उप निरीक्षक शेख सिराज को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर भोपाल रवाना हुए थे ।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग कैबिनेट मंत्री ने जानकारी की तलब

# आजीविका मिशन में 8 करोड़ की गड़बड़ी पर मंत्री ने लिया संज्ञान

डिण्डौरी




जिले के चार विकासखंडों में राज्य ग्रामींण आजीविका मिषन द्वारा की गई गड़बड़ियों के मामले को पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने संज्ञान में लिया है और इस बाबद जानकारी तलब की है।रविवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान महिला समूह को जारी राशि मे राज्य आजीविका मिशन के अधिकारियों द्वारा की गई अनिमितताओं की शिकायत मिलने पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने जानकारी लेकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।उन्होंने महिला समूहों के साथ गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के संकेत भी दिये हैं। गौरतलब है राज्य आजीविका मिशन के तहत विकासखंड बजाग, करंजिया और समनापुर को मई 2024 में बैगा विकास परियोजना मद से लगभग 6 करोड़ 86 लाख की राषि जारी किये गये थे, इस राषि से सामुदायिक स्तर पर बैगा परिवारों को आजीविका से जोड़ने 15 गतिविधियों का संचालन किया जाना था । इसी तरह वॉटर शेड परियोजना से भी बजाग और डिण्डौरी विकासखंड में चयनित ग्रामों में संचालित सीएलएफ (क्लस्टर लेबल फेडरेषन ) हेतु 2 करोड़ की राषि आवंटित की गई थी । आरोप है कि इस राषि को विकासखंड प्रबंधकों ने मनमर्जी से खर्च कर दिया , नियमानुसार उपार्जन समिति(क्रय), सीएलएफ की सहमति,उपस्थित और मंषा के अनुसार सामग्री क्रय करना था,लेकिन आजीविका मिषन के अधिकारियों ने सभी क्रय नियमों को दर किनार रख मंहगे दामों पर अमानक सामग्री क्रय करके मिषन के उदेष्यों की धज्जियां उडा दी हैं। इसके बाद जब सरकारी राषि की उपयोगिता पर सवाल उठे तो अधिकारियों ने पूरा ठीकरा सीएलएफ समूहों पर फोड़ दिया और बचाव की मुद्रा में आ गये है। भोपाल स्तर पर हुई षिकायत में अनुपयोगी उपकरण मंहगें कीमतों पर खरीदने के साथ अधिकारियों द्वारा मोटा कमीषन वसूलने के आरोप है। बताया गया कि आजीविका मिशन के अधिकारियों ने बिना प्रावधान के बैगा विकास और वॉटर शेड परियोजना से महंगे दामों पर वाहन खरीदे हैं।जिनकी उपयोगिता शून्य नजर आ रही है। बताया गया है कि वाहन क्रय करने के पूर्व परमिट और रूट का ध्यान नहीं रखा गया।अब स्थिति यह है कि यह वाहन धूल खा रहे हैं।बताया गया है कि परियोजना के तहत वाहन योजना का प्रावधान भी नहीं है।

### महिला समूह ने 10 लाख के गबन के लगाये हैं आरोप

डिंडौरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम चैरा माल में आजीविका मिशन द्वारा संचालित दुर्गा महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों ने अध्यक्ष और ब्लॉक प्रबंधक एनआरएलएम पर 10 लाख रुपया गबन करने की शिकायत भी कलेक्टर से की है।जिसके बाद साफ हो जाता है कि आजीविका मिशन के अधिकारी समूहों की राशि मे सेंधमारी कर रहे हैं।वहीं में आवंटित राशि से प्रस्तावित डीपीआर को सीएलएफ,महिला ग्राम संगठन और महिला समूह,उपार्जन समिति और सम्बंधित अधिकारियों के अनुमोदन में बिना ही मई 2024 में बदलने पर भी सवाल उठ रहे हैं।बताया गया है कि गतिविधियों को बदलने के पूर्व सभी का अनुमोदन अनिवार्य होता है।जिसका उल्लंघन किया गया।इसके साथ ही सामुदायिक उपार्जन प्रक्रिया को दरकिनार रख करोड़ों की सामग्री खरीदी एक ही फर्म से करने पर आजीविका मिशन की कार्यप्रणाली विवादों में घिर गई है।



## नवनियुक्त बीजेपी जिलाध्यक्ष का मानिकपुर में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**डिण्डौरी** । भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम का मानिकपुर मैं प्रथम बार आगमन हुआ। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का मानिकपुर मंडल में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत मानिकपुर भाजपा मंडल के पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर जिला अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।इसके पश्चात मानिकपुर के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी का स्वागत मानिकपुर मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे,जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, जनपद सदस्य सरोज परस्ते ,सरपंच गीता मरावी, महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी, जीतू राय,जयसिंह मरावी, कमल अग्रवाल, मनोहर ठाकुर, संतोष साहू, राकेश सिंह परस्ते, पार्षद संतोष झारिया, नितिन गुप्ता, संतोषी विश्वकर्मा ,अर्जुन झारिया, खेमचंद असाटी, राजेंद्र झारिया, रामनारायण राय, उत्तमचंद असाटी, बद्री प्रसाद असाटी, गनेशा झारिया, कमला प्रसाद, जगदीश प्रसाद रजक, योगेंद्र तेक़ाम, रामकुमार परस्ते ,गजराज सिंह, रोहित असाटी ,मानस आशु धर्मेंद्र झारिया, संतोष धुमकेती, विश्वनाथ ,टोकेश्वर ,ओमप्रकाश, जगन सिंह, सुरेश बरमैया, अंकित झारिया,नरेश झारिया, फूलचंद झारिया, पप्पू प्रदीप कुमार झारिया,चमन झारिया, पवन झारिया , इस अवसर पर बड़ी संख्या में समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थ व्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था

डिण्डौरी ।





भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला कार्यालय मे केन्द्रीय बजट का वृहद जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे हर वर्ग वरिष्ठजन, प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, वकील एवं समाजसेवी मौजूद रहे। संगोष्ठी के पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा भारत माता, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर तिलक वंदन कर संगोष्ठी की शुंभारभ किया गया। केबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी केन्द्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के नेतृत्व मे संसद मे पेश की गई जिसमें हर वर्ग के हितों को ध्यान मे रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है जिसमें गांव, गरीब, महिला, युवा, उद्यम, किसान हर वर्ग की चिंता हमारे प्रधानमंत्री जी ने किया है। हमारी सरकार का नारा है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ कार्य कर रही है। भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है । पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। इस सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने में सक्षम हुई है। युवा, अन्नदाता और नारी (गरीब, युवा, किसान, महिला) पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग, विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में प्रमुख सहायक स्तंभ हैं। मध्यम वर्ग भारत के विकास को शक्ति प्रदान करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है। व उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है। 2014 के ठीक बाद, शून्य कर स्लैब को बढ़ाकर 2.5 लाख कर दिया गया, जिसे 2019 में बढ़ाकर 5 लाख और 2023 में 7 लाख कर दिया गया। नई व्यवस्था के अंतर्गत 12 लाख रुपये तक की आय (अर्थात पूंजीगत लाभ जैसी विशेष दर आय को छोड़कर प्रति माह 1 लाख रुपये की औसत आय) पर कोई आयकर नहीं देना होगा । वेतनभोगी वर्ग के लिए, 12.75 लाख की वार्षिक आय तक कोई आयकर लागू नहीं है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग को 75,000 का मानक कटौती लाभ उपलब्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे केन्द्र सरकार द्वारा जनता जनार्दन के कल्याण एवं विकसित भारत के संकल्प को सामूहित रूप से साकार करने हेतु एवं गांव, गरीब, किसान, महिलाओं एवं युवाओं के हित सहित 12 लाख रूपये की आयकर से एतिहासिक छूट की घोषणा के साथ शानदार बजट देने के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हार्दिक आभार व्यक्त करते है। वहीं भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को ज्ञात है कि भारत देश का स्वर्णिम काल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारत दुनिया का विश्वगुरू बन रहा है। हमारी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, महिलाओं के लिए उज्जवला योजना, जनधन योजना सहित सैकड़ो जन कल्याणकारी योजनाऐं लागू है और सही तरीके से लाभांवित हितग्राहियों तक पहुँच रही है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री जयसिंह मरावी व आभार अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश सिंह धुमकेती ने व्यक्त किया।

## बुंदेला में संचालित क्रेशर प्लांट के विरुद्ध ग्रामीणों के साथ जयस ने किया विरोध प्रदर्शन, प्लांट को कराया बंद





डिण्डौरी ।

ग्राम पंचायत बुंदेला ब्लॉक करंजिया में डिंडोरी अमरकंटक म.प्र./छ.ग. बॉर्डर तक NH 45 रोड निर्माण के लिए ग्राम पंचायत बुंदेला ब्लॉक करंजिया में क्रेशर प्लांट स्थापित किया गया है, जिसके खिलाफ ग्रामीणों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत बुंदेला में क्रेशर प्लांट स्थापित करने के पहले ग्राम सभा से अनुमति नहीं ली गई जो पेशा कानून का उल्लंघन है, पेशा कानून तो लागू करने की घोषणा तो कर दिया गया लेकिन धरातल पर इसका कोई पालन नहीं किया जा रहा है, सरकार ने सिर्फ हवाबाजी करने के लिए घोषणा मात्र कर दिया है, न तो कानून का पालन हो रहा है न ही पेशा कानून के तहत ग्राम सभा को मिलने वाले अधिकारों का जमीनी स्तर पालन हो रहा है,

जयस प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम ने ग्रामीणों के मुद्दों को लेकर बुंदेला क्रेशर प्लांट में ग्रामीणों के प्रदर्शन में शामिल हुए और क्रेशर संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए ग्रामीणों के समस्याओं को समाधान करने के लिए कहे। एवं कई ग्रामीणों के कंपनी के साथ किए गए एग्रीमेंट में कंपनी द्वारा गलतियों को लेकर सख्त रूप से कार्यवाही करने को कहा, एवं ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि अगर आप भूमि के एग्रीमेंट के शर्तों से संतुष्ट नहीं हैं तो उसे शून्य कराएं। जयस ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाष श्याम ने कहा कि पारिवारिक भूमि का उपयोग कंपनी द्वारा परिवहन के लिए किया जा रहा है, क्रेशर संचालकों द्वारा बिना अनुमति भूमि का उपयोग किया गया, कई बार के विरोध के बाद जनवरी में जनवरी 2025 में किरायनामा बनाया गया। जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, जिसके लिए उन्होंने कहा कि कंपनी और क्रेशर संचालकों को निर्धारित समय तक समस्या का निदान के लिए कहा गया है अगर उनके द्वारा समस्याओं का हल नहीं किया जाता है तो निश्चित रूप से उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। जयस संगठन द्वारा कहा गया कि आदिवासियों के जमीन का उनके बिना अनुमति के उपयोग किया जाना गैर कानूनी है और यह उनका शोषण है, जानबूझकर आदिवासियों के जमीन को कब्जाकर इस तरह से उपयोग किया जाता है, ठेकेदार के साथ साथ सरकार प्रशासन के लोग सब भागीदार हैं इसमें, और यह दर्शाता है कि पूरा तंत्र आदिवासियों के शोषण करने पर तुली हुई है।

पूरे ग्रामीण द्वारा क्रेशर प्लांट को विरोध प्रदर्शन के दौरान बंद करा दिया गया, जिसमें सैकड़ों के तादाद में महिला और पुरुष शामिल हुए। ग्रामीणों के मुद्दों को लेकर जयस संगठन के जयस प्रदेश अध्यक्ष इंद्रपाल मरकाम, जिला अध्यक्ष डिंडोरी नागेंद्र सिंह धुर्वे, जयस उपाध्यक्ष दीपक मसराम, जिला उपाध्यक्ष कैलाश धुर्वे, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष राजकुमार नेटी जयस ब्लॉक अध्यक्ष करंजिया अभिलाष श्याम सहित अन्य युवा शामिल हुए एवं क्रेशर प्लांट संचालकों के विरुद्ध विरोध दर्ज कराएं।

### वालीबॉल प्रतियोगिता में गोरखपुर बनी विजेता

**डिंडौरी न्यूज।** करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में ठाकुर देव बाबा मंदिर परिसर के सामने चल रहे ओपन वालीबॉल प्रतियोगिता में शनिवार की देर रात फाइनल मुकाबले के साथ समापन कर दिया गया । आयोजन समिति के ऐन सिंह सरठिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में आसपास सहित दूरदराज की टीमों ने भाग लिया था । इसमें गोरखपुर और मुढ़की की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया शनिवार को दोनों टीमों के मध्य प्रतियोगिता का अंतिम मैच खेला गया जिसमें गोरखपुर की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल से सभी क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच जीता ।कड़ा था मुकाबला -आयोजक टीम के व्यवस्थापक कालू आर्मो ने बताया कि फाइनल मुकाबले का मैच गोरखपुर और मुढ़की के खेला गया,दोनों टीम के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला पहले हाफ के खेल में अंकों के मामले में दोनों टीम के मध्य अंकों में अधिक अंतर नहीं था समांतर चल रहें थे कोई बड़ा फासला नहीं था महज एक दो अंक से आगे पीछे लेकिन दूसरे हाफ की शुरुआत से ही गोरखपुर टीम के खिलाड़ियों ने मैच में पकड़ बनाते हुए लगातार अंक बटोरना शुरू कर दिया





## पुरानी रंजिश को लेकर युवक की हत्या, नाबालिग सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

**डिण्डौरी** । विगत दिन शनिवार को ग्राम देवरा में मृतक चन्द्र प्रकाश वनवासी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था, शव प्राप्त होने की सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सूचना की तस्दीक की गई, जो सिद्ध बाबा के पास ग्राम देवरा में मृतक चंद्रप्रकाश वनवासी का शव रक्त रंजित हालत में पाये जाने पर फरियादी वीरेंद्र वनवासी पिता स्व. शमनू लाल वनवासी उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरा द्वारा अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धारदार हथियार से हमला कर चंद्रप्रकाश वनवासी की मृत्यु कारित करने एवं साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से घटना में प्रयुक्त हथियार छुपाने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध धारा 103(1), 238 BNS का कायम किया जाकर, मृतक चन्द्र प्रकाश वनवासी के शव का पीएम जिला अस्पताल में कराया गया ग्राम देवरा मे हुये इस अंधे हत्याकांड का खुलासा करने व आरोपियों की पता तलाश हेतु पुलिस टीम गठित की गई, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व मे कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार संदेहियो से पूछताछ की जाकर घटनास्थल एवं आसपास से पाये गये परिस्थतिजन्य साक्ष्य संकलित कर संदेही शिवम बर्मन पिता श्याम सुंदर बर्मन उम्र 21 साल निवासी पीपलटोला ग्राम देवरा एवं 01 बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर परिजनो की उपस्थिति मे पूछताछ की गई, जिनके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया गया, पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त एवं बाल अपचारी की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार (01 लोहे का फरसा, लोहे का राड) जप्त किया जाकर अपराध कायमी के 24 घंटे के अंदर इस अंधे हत्याकांड का खुलासा किया गया है।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका


थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे, उनि संजय धुर्वे, सउनि बिपिन चंद्र जोशी, सउनि मनमोहन सिंह, सउनि राकेश यादव, सउनि अखिलेश श्रीवास, प्रआर 146 सलीम खान, प्रआर 30 चंद्रभान सिंह, प्रआर 144 कोदूराम जोगी, आरक्षक 211 सतेंद्र डहेरिया, आरक्षक 318 देवेंद्र पटले, आरक्षक 303 सुनील मरावी, आरक्षक 350 नीलेश साहू, आरक्षक 167 अजय यादव, आरक्षक 358 अवशीष पटेल, आरक्षक 330 हेमंत झारिया, चालक आरक्षक मनोज कुंजाम, सायबर सेल से प्रआर मुकेश प्रधान, आरक्षक जगदीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप

### सीवर लाइन के गड्ढे में गश्त के दौरान गिरा आरक्षक

**नरसिंहपुर।** गत दिवस रात नगर में गश्त कर रहे आरक्षक की गड्ढे मे गिरने घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक नीरज कोरी एवं विनोद कोरी नगर गश्त कर रहे थे तभी रात्रि तकरीबन 11 बजे के आसपास प्रताप नगर के पास गाड़ी रोकी और पैर जमीन पर रखा तो पैर सीवर लाइन के चैंबर मे चला गया जिससे दोनो घायल हो गये जिन्हे थाना मोबाइल से उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### जिला के वरिष्ठ समाजसेवी हाजी दिलावर मोहम्मद खान का निधन



**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्राम महगुवा निवासी समाजसेवी हाजी दिलावर खान का रविवार को निधन हो गया।दिलावर खान ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज जी परम शिष्य थे एवं पिछले वर्ष इनके परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया गया जिसकी मिशाल पूरे प्रदेश ने देखी थी इनके अंतिम संस्कार में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।

### 6293 लोगों ने दी नवभारत साक्षरता अभियान के तहत परीक्षा



**तेंदूखेड़ा।** वंचित व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे साक्षरता अभियान के तहत ऐसे व्यक्तियों को सम्मिलित किया जा रहा है जिन्होंने अभी तक शिक्षा के महत्व को समझा ही नहीं ।सरकार का उद्देश्य है कि सभी लोग साक्षर बनकर इस देश के विकास की मुख्य धारा से जुड़े इसी तारतम्य में आसाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर लोगों को अक्षरों को चिन्हित कर अक्षर साथी द्वारा दीक्षा पोर्टल माध्यम से ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर पढ़ाया जाये । विषय वार सरल सामग्री पद्धति से शिक्षण कार्य कराया गया। जिसमें हिंदी गणित मात्रा ज्ञान स्वर परिचय संयुक्त वर्ण परिचय आओ बने शब्द, संख्या आदि का अध्ययन कराया गया था। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा 16 फरवरी को चांवरपाठा विकासखंड के रजिस्टर्ड 6293 आसाक्षरों की परीक्षा 198 परीक्षा जन चेतना केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा दौरान जन शिक्षकों नवभारत साक्षरता अभियान समन्वयकों ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर चल रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया।

### 11 साल की बालिका फांसी पर झूली

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम अल्हेनी इमलिया में होतीलाल अहिरवार की नन्हीं बालिका दीक्षा 11 वर्ष ने अपने ही घर कमरे में मियार से कुर्ती से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक बालिका के माता-पिता मजदूरी करने के उद्देश्य से गन्ना काटने के लिए गये हुए थे ।घर में होती लाल की तीन बेटियों के साथ एक बेटा घर पर था इनमें बड़ी बेटी गांव में ही अरहर की झाड़ी लेने खलिहान में गई हुई थी। 11 वर्षीय दीक्षा दूसरे नंबर की बेटी थी ।दो अन्य घर में ही खेल रहे थे।जब बड़ी बेटी गांव से झाड़ी लेकर वापस लौटी उसने भीतर जाकर देखा तो तत्काल परिजनों को खबर दी मौके पर जाकर उसे नीचे उतारा पुलिस को जानकारी दी गई मौके पर पहुंची पुलिस हर एंगिल से जांच में जुटी हुई है खबर लगते ही मामले की छानबीन करने स्वयं जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका घटना स्थल पर पहुंचीं तथा तेंदूखेड़ा पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं उसी आधार पर पुलिस सूक्ष्मता से जांच में जुटी हुई है।

# 4 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई पीएससी परीक्षा

**187 ने परीक्षा के पूर्व एवं 17 पहले पेपर में मानी हार**

नरसिंहपुर

रविवार को जिले में मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 16 फरवरी को 4 परीक्षा केन्द्रों में पॉलिटेक्निक कॉलेज, गर्ल्स कालेज , नेहरू स्कूल तथा एमएलबी स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया परीक्षा दो सत्रों में सम्पन्न हुई, जिसमें पहला सत्र प्रात 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजित की गई। प्रथम एवं द्वितीय सत्रों में 1167 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 980 परीक्षार्थी उपस्थित व 187 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 963 परीक्षार्थी उपस्थित व 204 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## ये रहे आंकड़े

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला नरसिंहपुर में प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 300 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 259 उपस्थित व 41 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 254 उपस्थित व 46 अनुपस्थित रहे। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नरसिंहपुर में प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 250 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 211 उपस्थित व 39 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 204 उपस्थित व 46 अनुपस्थित रहे। शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला कॉलेज नरसिंहपुर में प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 300 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 244 उपस्थित व 56 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 242 उपस्थित व 58 अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में प्रथम एवं द्वितीय सत्र में 317 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 266 उपस्थित व 51 अनुपस्थित और द्वितीय सत्र में 263 उपस्थित व 54 अनुपस्थित रहे।





## 1167 परीक्षार्थियों पहले पेपर मे ही मान ली हार

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की प्रथम पारी के पूर्व ही 187 परीक्षार्थी परीक्षा के पूर्व ही हार मान चुके थे और 17 परीक्षार्थियों ने परीक्षा की पहली पारी मे शामिल होने के बाद दूसरी पारी हार मान ली। प्रशासन द्वारा परीक्षा उपरांत संकलन केंद्र जिला कोषालय में परीक्षा गोपनीय सामग्री सभी केंद्र अध्यक्ष द्वारा जमा की गई। केंद्राध्यक्ष ने बताया कि प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन के निर्देशन में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## 1244 केन्द्रों में नव भारत साक्षरता मूल्यांकन कार्यक्रम सम्पन्न



कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन जिले के 1244 केन्द्रों में सम्पन्न हुई। समस्त विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, बीएसी, जन शिक्षक, विकासखंड, संकुल सह समन्वयक ने इन सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया। जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी ने जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के सामाजिक चेतना केंद्र रानी पिपरिया का अवलोकन किया। उन्होंने मूल्यांकन केंद्र पर सामाजिक चेतना केंद्र के अक्षर साथी से कक्षा संचालन एवं उल्लास नव भारत साक्षरता की गतिविधियों पर चर्चा की। जिला सह समन्वयक अखिलेश राजोरिया ने सम्मिलित असाक्षरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले के सामाजिक चेतना केंद्रों पर हुए मूल्यांकन में एनआईएलपी के माध्यम से ऑनलाइन सर्वे द्वारा चिन्हांकित किए गए एवं प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता का प्रमाणीकरण नहीं होने, इच वन टीच वन के माध्यम से बसाहट के असाक्षर सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए जिले में शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं को परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये। जिसमें प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं अक्षर साथियों आदि के सहयोग से पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन का कार्य सम्पादित किया गया।

# केन्द्रीय बजट को लेकर मंत्री श्री सिंह ने पत्रकारों को किया संबोधित

नरसिंहपुर




गत दिवस भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह पत्रकार वार्ता कर वजट की विस्तार से चर्चा की गई। प्रेस वार्ता के पूर्व कार्यालय परिसर में स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बजट में गरीब अन्न दाता युवा व नारी शक्ति के कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु बजट में घोषणाएं की गई है इस बजट में पुरानी योजनाओं को चालू रखा गया है वहीं नई योजनाओं के द्वारा समाज को नई गति प्रदान की जावेगी। अन्नदाता तथा कृषि को लाभ का व्यापार बनाने के लिए मोदी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। किसान क्रेडिट कॉर्ड पर लोन की लिमिट को पांच लाख रुपये तक बढ़ा दिया गया है। उक्त मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोडिया, विधायक विश्वनाथ सिह पटेल, जिला महामंत्री डॉ. हरगोविन्द पटेल, ठाकुर राजीव सिह, नंदकिशोर ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, नगर अध्यक्ष अंशुल नेमा सहित पार्टी पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं पत्रकार बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निक्षय अभियान के तहत कृषि उपज मंडी में शिविर आयोजित





**नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 100 दिवसीय निक्षय अभियान के तहत कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान हम्माल-तुलावटी में लगे लोगों की क्षय रोग की स्क्रीनिंग कर संभावित लोगों के खकार के सेंपल एकत्रित किये गये। इस दौरान एक्स- रे भी कराया गया। इसी बीच लोगों के शुगर व बीपी की जांच की गई। इस दौरान मंडी सचिव डीटीसी नरसिंहपुर से एसटीएस, एक्स- रे टेक्नीशियन, पीपीएसए के एजेंडी, शहरी एएनएम, आशा कार्यकर्ता मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 25 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देने और जन जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दौरान जिले में 100 दिन टीबी की व्यापक स्तर पर स्क्रीनिंग, जांच, उपचार व जनजागरूकता को सुनिश्चित किया जा रहा है।

# विद्यालय में समाज की सहभागिता




**नरसिंहपुर।** विगत दिनों विकासखंड अंतर्गत शासकीय विद्यालय में समाज की सहभागिता से छात्र छात्राओं के लिए शैक्षणिक से लेकर अन्य जीवन उपयोगी संसाधन सामाजिक फंड द्वारा विद्यालयों को भेंट किए जा रहे हैं जो विद्यालय की बेहतरी में समुदाय को जोड़ने में जनपद शिक्षा केंद्र के सतत प्रयास का परिणाम है। जिसके तहत शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय भैंसा पाला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ, शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय धुवघट गोंडी, माध्यमिक विद्यालय खापा धमना में आई डी बी बैंक द्वारा सी एस आर मद से शाखा प्रबंधक अर्जुन दांगी, सहायक प्रबंधक सिद्धार्थ दीक्षित, अकाउंट सेक्शन शाखा प्रबंधक अतुल मिश्रा, बी ए सी ब्रजेश नेमा द्वारा विद्यालय पहुंचकर वॉटर कूलर भेंट किए गए। बी ए सी ब्रजेश नेमा ने बताया कि पूर्व में भी बैंक ऑफ बड़ौदा के सामाजिक फंड से स्कूलों में रीडिंग एंड राइटिंग किट्स का वितरण किया जा चुका है,शंकराचार्य वार्ड पार्षद अजय प्रताप पटेल के द्वारा प्राथमिक विद्यालय में जूते मोजे का वितरण करवाया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, विक्रम शर्मा, प्रधान पाठक देवेंद्र श्रीवास्तव रूपेंद्र लोधी द्वारा छात्र छात्राओं हेतु विद्यालय के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

# मंत्री श्री सिंह ने ली शिक्षा विभाग की बैठक

नरसिंहपुर



प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ विभाग की समीक्षा बैठक रविवार को सर्किट हाऊस नरसिंहपुर में ली। बैठक में तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार मौजूद थे। बैठक में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जिले में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाना है। इसके लिए सभी बीईओ व बीआरसी स्कूलों का नियमित निरीक्षण अनिवार्यतः करें। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में कुल 87 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 10 वीं के 15 हजार 47 एवं कक्षा 12 वीं में 12 हजार 295 सहित कुल 27 हजार 342 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। सर्किट हाऊस में आयोजित इस बैठक में पं. रामस्नेही पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, डीपीसी आरपी चतुर्वेदी, समस्त बीईओ, बीआरसी, बीएसी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय स्वरोजगारध अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में 17 फरवरी को प्रातरू 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जायेगा।

## सांड के हमले से महिला की हालत गंभीर

**नरसिंहपुर।** गत दिवस इतवारा बाजार सब्जी ले आई महिला पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां पर हालत गंभीर होने के कारण जबलपुर रेफर कर दिया।

# ढिलवार पंचायत में अंधेरगर्दी, तीन साल से नहीं हुई बैठकें, कैश बुक नदारत

**तेंदूखेड़ा** एक तरफ जहां शासन ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में अनेकों योजनाएं चला रही है। वहीं दूसरी तरफ चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाली स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महती भूमिका निभाने वाले अमर शहीद डेलनशाह नरवर शाह की नगरी ग्राम पंचायत ढिलवार में अंधेरगर्दी की लगभग सभी हदें पार हो चुकी है।11 सदस्यों वाली इस ग्राम पंचायत के लगभग आठ सदस्यों ने रविवार को एक आपात बैठक बुलाकर ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव से पंचायत का लेखा-जोखा मांगा तो चौकन्ने रह गये।इन सदस्यों को किसी भी प्रकार का कोई लेखा जोखा देखने नहीं मिला और ना ही केश बुक देखने को मिलीं। यहां पर सरपंच महिला है लेकिन पति ही ग्राम पंचायत की गतिविधियों का संचालन किया करते हैं।सदस्यों ने हमारे प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन सालों में तीन सचिव बदल गये हैं। और अभी तक ग्राम पंचायत की कहीं कोई भी बैठक भी नहीं बुलाई गई है।सात दिन पूर्व ग्राम पंचायत सदस्यों ने ग्राम पंचायत सचिव को आवेदन देकर बैठक बुलाने को कहा तब कहीं रविवार को बैठक हुई उसमें भी कुछ ऐसे बिंदु निकल कर सामने आये है जो आर्थिक अनियमिताओं को स्वयं उल्लेखित कर रहे हैं।

## सहकारिता की भूमी पर बन रहा पंचायत भवन

सबसे बड़ा अजीबोगरीब एक उदाहरण यहां यह देखनें को मिला और ग्राम पंचायत सदस्यों को मालूम हुआ कि ग्राम पंचायत का 37 लाख की लागत से नया पंचायत भवन बन रहा है इस भवन को कौन बनवा रहा है।कौन इसकी निर्माण ऐजेंसी है यह भी किसी को पता नहीं केवल ग्राम के सरपंच पति और सचिव को ही इसकी जानकारी है।बाकी सब



अनजान।गौरलतब विषय तो यहां पर यह देखने को मिला है कि जिस स्थान पर नया ग्राम पंचायत भवन बन रहा है वहां पर सहकारी विपणन संस्था शासकीय दुकान का परिसर है। पांच साल पूर्व यहां पर तत्कालीन ग्राम पंचायत के सरपंच और सदस्यों ने खसरा नंबर 303/1 शासकीय भूमी पर भवन बनाने का प्रस्ताव ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया था लेकिन उसे नजर अंदाज कर दिया गया है।जिस शासकीय जमीन पर पंचायत भवन बनना है वहां पर अतिक्रमण है। जनपद के अधिकारियों ने भी वस्तुस्थिति का पता लगाये बगैर ही अपनी मौन स्वीकृति दे रखी है।भवन बन जाने के बाद यदि सहकारी समिति ने अपना दाबा ठोक दिया तो इस जिम्मेदार कौन होगा यह एक गंभीर जांच का विषय है।

## सांसद और विधायक निधि खर्च लेकिन निर्माण कहीं नहीं

ग्राम पंचायत के वरिष्ठ सदस्य पूर्व जनपद सदस्य प्रहलाद सिंह ठाकुर ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस ग्राम पंचायत में देवी मंदिर में शेड निर्माण और शहीद स्मारक पर शैड के साथ साथ चबूतरा निर्माण के लिए सांसद और विधायक निधि से राशि तो आवंटित की गई और पंचायत के खातों से राशि आहरित भी हो गई है लेकिन ग्राम में ना तो शेड बना और ना ही चबूतरा और भी ऐसे अनेक निर्माण कार्य है जिनकी क्रमश निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

## बेंच रहे शासकीय जमीन

ग्राम पंचायत वार्ड क्रमांक 07 की सदस्य श्रीमती यशोदा बाई पति पूरन लाल मेहरा ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि गांव की शासकीय भूमि पर पैसे लेकर अतिक्रमण कराया जा रहा है। अनेकों बार बोलने के बाबजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई यह भूमी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग से लगी हुई है। पूर्व में ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर कार्यवाही करने बोला भी गया लेकिन आज तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच पति और सचिव की मनमानी चलती है।इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 के सदस्य कमलेश कुशवाहा का कहना था कि हमारे वार्ड में अतिक्रमण की समस्या है मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण है लेकिन कोई बात ही नहीं सुनता।

## इनका कहना है

हमारी ग्राम पंचायत में पिछले तीन साल में ना तो कोई बैठक हुई है और ना ही ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा कोई जानकारी दी जाती है यहां तक कि पंचायत की केशवुक मांगीं गई केवल पासबुक ही बता दी गई। तथा जो पंचायत निर्माण चल रहा है उसकी भी हम लोगों को कोई जानकारी नहीं दी गई है चिन्हित स्थान पर भवन ना बनाकर अन्यत्र स्थान पर भवन बन रहा है।

**पवन प्रजापति उपसरपंच**
**ग्राम पंचायत ढिलवार**

# श्रीनगर में पुरातन रामधुन मंडल की वर्षगांठ मनाई गई



**गोटेगांव।** नजदीकी ग्राम श्रीनगर के रामधुन मंडल द्वारा 50 वर्षों से लगातार प्रतिदिन प्रातः काल मधुर संगीतमय धुन गांव के कोने - कोने में सुनाई जाती है। सदस्यों के द्वारा भगवान के भजन किए जाते हैं। सुबह-सुबह लोगों को भगवान के नाम का रसपान कराया जाता है। सनातन धर्म के लिए कार्यरत इस मंडल में बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी बढ़-चढ़कर सहभागिता देते हैं। प्रतिदिन ग्राम में प्रभातफेरी निकलते है चाहे तेज बरसात हो या कड़ाके की ठंड हो, इसका नियम नहीं टूटता। इसी क्रम में विगत दिवस शनिवार को वर्षगांठ के अवसर पर गांव के राम मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन किए गए। कार्यक्रम में गांव के गुरुजी सुमेश तिवारी, माफीदार मनोहर मुले,सरपंच प्रतिनिधि, पुजारी पं.गनेण तिवारी, पियूष तिवारी,व ग्रामीण मौजूद रहे। मंडल के सदस्यों ने ग्राम गुरु का तिलक रोली, फूलमाला, शाल-श्रीफल से स्वागत किया।अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चयन भी वर्षगांठ कार्यक्रम में किया गया। इसके अनुसार सदस्यों ने सर्वसम्मति से रामप्रसाद साहू व मुन्ना लाल यादव को पुनः अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। ग्राम गुरु द्वारा मंडल के सदस्यों को झंडा सौंपा गया। ग्राम के गुरु ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मंडल के सदस्य बड़ी तपस्या करते हैं। सुबह से लोगों की तो हिम्मत तक नहीं होती उठने की, उस समय सदस्य प्रभात फेरी निकलते हैं। मंडल उपाध्यक्ष मुन्ना लाल यादव ने बताया कि यह परंपरा विगत 50 वर्षों से चली आ रही है। इस परंपरा को ब्रह्मलीन शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज ने यह रामधुन कि आधार शिला रखी थी जिसमें शंकराचार्य जी के शिष्य नारायण दत्त जोशी, जगदीश मंदिर में पुजारी थे तो उन्होंने ग्राम के लोगों के साथ में प्रभात फेरी निकालना शुरू की, जिसका आज भी निर्वहन रामधुन मंडल द्वारा किया जा रहा है। मंच संचालन मुन्नाालाल यादव ने किया।कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ने किया इस कार्यक्रम में मंडल के सदस्य एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।